दैनिक भास्कर

इंदौर, मंगलवार 24 नवंबर, 2015

साइबर क्राइम वर्तमान समय की सबसे बड़ी चुनौती

ग्रेजुएट स्कूल ऑफ बिजनेस में विद्यार्थी व फैकल्टी को आईजी कपूर ने दी जानकारी

भास्कर संवाददाता | इंदौर

कम्प्यूटर और इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल के साथ ही साइबर क्राइम में भी बढ़ोतरी हो रही है। साइबर क्राइम वर्तमान समय की सबसे बड़ी चुनौती बन चुका है। इससे निपटने के लिए जागरूकता सबसे जरूरी है। जैसे हम वास्तविक दुनिया में सुरक्षा का ध्यान रखते हैं, ठीक उसी तरह वर्चुअल वर्ल्ड में भी सुरक्षित रहने के लिए सावधानी जरूरी है। कई बार लोग अनजाने में साइबर क्राइम कर बैठते हैं या इसके शिकार हो जाते हैं। अगर हम इसके प्रति जागरूक होंगे तो इससे न हमें न ही समाज को कोई नुकसान होगा।

कार्यक्रम में जानकारी देते आईजी कपूर।

यह बात सोमवार को पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल (पीआरटीएस) के डायरेक्टर व आईजी वरुण कपूर ने कही। वे ग्रेजुएट स्कूल ऑफ बिजनेस में विद्यार्थी और फैकल्टी को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करने के लिए चलाए जा रहे 'संकल्प' अभियान के तहत जानकारी दे रहे थे। उन्होंने कहा- आज 54 प्रतिशत साइबर अपराध वायरस अटैक, 11 प्रतिशत ऑनलाइन ठगी और 10 प्रतिशत फिशिंग के आते हैं। पीआरटीएस के पुलिस अधीक्षक सुदीप गोयनका ने पासवर्ड बनाने व उसे सुरक्षित रखने आदि की जानकारी दी। आईजी कपूर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सोनालिका नेहलानी और दीक्षा शुक्ला को प्रमाण-पत्र व गोल्डन बैज भी दिया।